# सत्र 2019-20

## अभ्यास केंद्रों और आवेदकों के लिए आवश्यक निर्देश

1. अभ्यास केंद्रों के माध्यम से किए गए समस्त आवेदनों की जाँच, आवेदन के साथ संलग्न समस्त आवश्यक दस्तावेजों की जाँच, समस्त दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति की जाँच करना संबंधित अभ्यास केंद्र के लिए अनिवार्य होगी।
2. अभ्यास केंद्रों के माध्यम से किए गए समस्त आवेदनों पर संबंधित अभ्यास केंद्र को अपनी मुहर लगाना अनिवार्य होगा। अभ्यास केंद्र अपने केंद्र पर जमा किए गए समस्त आवेदनों को निर्धारित तिथि तक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से भेजे साथ ही आवेदनों के साथ कवरलिंग लेटर लगाएँ जिसमें यह घोषणा की गई हो कि संबंधित अभ्यास केंद्र मे आवेदनों और उसके साथ संलग्न दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति की जाँच कर ली है, और आवेदन पूर्ण रूप से सही भरे गए हैं।
3. आवेदन के विवरण की अपूर्णता और संलग्न दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति नहीं होने की स्थिति में आवेदन के निरस्त होने की जिम्मेदारी संबंधित अध्ययन केंद्र एवं आवेदक की होगी।
4. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है:
   1) कक्षा 10 वीं की अंकसूची तथा प्रमाणपत्र (दोनों)
   2) कक्षा 12वीं की अंकसूची
   3) डीएड/समकक्ष (बीएड के लिए अनिवार्य)
   4) स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र/डिग्री/अंतिम प्रमाणपत्र
   5) अद्यतन अनुभव/सेवा प्रमाणपत्र (जहाँ लागू है।) बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शिक्षणाधिकारी द्वारा जारी सेवारत प्रमाणपत्र अनिवार्य है।
   6) स्थायी पता प्रमाण
   7) जाति प्रामण पत्र (OBC-NCL/SC/ST)
   8) आधार कार्ड
   9) बीपीएल प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
   10) दिव्यांग प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) ये सभी दस्तावेज अनिवार्य होगा चाहिए।
5. आवेदक अपना आवेदन सभी विवरणों को पूर्ण रूप से स्पष्ट शब्दों में भरें। संलग्न दस्तावेजों को स्वहस्ताक्षरित अनिवार्य रूप से करें। आवेदक को अपना आवेदन भरते समय अभ्यास केन्द्र का नाम डालना अनिवार्य है।
6. आवेदक अपना आवेदन भरते समय स्थायी पता और पत्राचार पता पूर्ण रूप से पिन कोड सहित भरें और अपना मोबाईल नं. (दूसरों का न दें।) मोबाइल नंबर डाले। ताकि समस्त सूचनाएं एसएमएस के माध्यम से प्रेषित किए जाने में सुविधा हों।
7. समस्त अभ्यास केंद्र यह सूनिश्चित करें की समस्त आवेदनों की डेटा इंट्री अपने स्तर पर पूर्व में उपलब्ध कराए प्रारूप में भर कर Soft Copy निदेशालय को उपलब्ध कराएंगे अन्यथा की स्थिति में कोई त्रुटी पाए जाने पर अभ्यास केंद्र जिम्मेदार होंगे।
8. बीएड पाठ्यक्रम के लिए इस ई-मेल distancebedadmission@gmail.com पर उपलब्ध कराएं एवं सामान्य पाठ्यक्रम के लिए इस ई-मेल ddeadmissionmgahv@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।